जनता की मांग को पूर्णतया कब तक पूरा किया जायेगा ?

उद्योग मंत्री (श्री जार्ज फर्नांडिस) : (क) गत तीन वर्षों में विभिन्न मेकों के स्कूटरों के उत्पादन और उनके वितरण के राज्यवार आंकड़ो के संबंध में अपेक्षित जानकारी संलग्न विवरण 1 तथा 2 में दी जाती है । [**ग्रन्थालय में रखे गए । देखिए** संख्या एल० टी—1744/78] । 1977-78 और 1978-79 में अनुमानित उत्पादन भी विवरण 1 में दिया गया है । इन दो वर्षों में राज्यवार वितरण निर्माताओं द्वारा मांग के आधार पर किया जायेगा ।

(ख) स्कूटरो के वितरण और बिक्री पर से 1-1-78 से नियंत्रण हटा दिया गया है । यह नियंत्रण सबसे अन्त में केवल मे० बजाज आटो लिमिटेड और मे० बजाज आटो लिमिटेड के सहयोग से मे० महाराष्ट्र स्कूटर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित स्कूटरो से लागू था । अतः प्रतीक्षा-सूची के बारे में जानकारी केवल इन मेकों के स्कूटरो के संबंध में है और यह विवरण 3 में दी जाती है । [**ग्रन्थालय में रखा गया । देखिए** संख्या एल टी 1744/78]

(ग) 1978-79 तक अनुमानित 3,25,000 स्कूटरों की मांग की तुलना में 11 एककों जिनकी कुल लाइसेंस प्राप्त क्षमता 3,78,000 स्कूटरों की है, में उत्पादन हो रहा है । इसके अलावा, 1,68,000 स्कूटरो की अतिरिक्त क्षमता के लिए सात पार्टियों को भी लाइसेंस दिए गए हैं । इस प्रकार निर्माण क्षमता मांगें पूरी करने के लिए पर्याप्त है । वितरण नियंत्रण हट जाने से यह आशा है कि स्कूटर उद्योग को प्रत्युत्तर-दायिता और विकास को बढ़ावा मिलेगा और अधिक पसन्द ब्रांडों के स्कूटरों के लिए प्रतीक्षा अवधि कम हो जायेगी ।

आकाशवाणी के विभिन्न केन्द्रों द्वारा 20-सूत्री कार्यक्रम का प्रसारण

2080. **श्री राम प्रसाद देशमुख :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 9 जनवरी, 1978 को आकाशवाणी विभिन्न वाणिज्यिक केन्द्रों से प्रसारित 'चिन्तन' कार्यक्रम में 20-सूत्री कार्यक्रम तथा भूतपूर्व प्रधान मंत्री की प्रशंसा की गई थी ;

(ख) यदि हां, तो क्या वर्तमान सरकार का इस नीति में विश्वास है ;

(ग) यदि नहीं, तो क्या जो अधिकारी प्रसारण से पूर्व इस कार्यक्रम को सुनते हैं उन्हें इसके लिये दोषी पाया गया है, और

(घ) यदि हां, तो सभी वाणिज्यिक केन्द्रों के इन अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) (क) जी, हां ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) और (घ). प्रारम्भिक जांच के आधार पर दो व्यक्तियों को निलम्बित कर दिया गया है । विस्तृत जांच जारी है तथा निष्कर्षों के आधार पर अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।

राजस्थान एल्यूमीनियम हैण्डीक्राफ्ट को एल्यु-मीनियम की सप्लाई

2081. **श्री चतुर्भुज :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान एल्यूमीनियम हैण्डीक्राफ्ट को एल्यूमीनियम प्राप्त करने में आने वाली कठिनाई की ओर उनका ध्यान दिलाया गया है, और